DSSSB TGT & PGT

Part-B

SCHOLAR BATCH

संस्कृत

सन्धि (व्यंजन सन्धि)

Part -2

LIVE 30-03-2024 05:00 PM

अथ हल्सन्धिः

स/तवर्ग + श/चवर्ग = श/चवर्ग

श्चुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

६२.

स्तोः श्चुना श्चुः ८|४|४० ॥

सकारतवर्गयोः शकारचवर्गाभ्यां योगे शकारचवर्गौ स्तः ।

रामश्शेते। रामश्चिनोति। सच्चित्। शार्ङ्गिञ्जय।।

सकार और तवर्ग के स्थान पर शकार और चवर्ग का योग होने पर शकार और चवर्ग आदेश होते हैं।

चुत्वनिषेधकं विधिसूत्रम्

६३.

शात् ८|४|४४ ॥

शात्परस्य तवर्गस्य चुत्वं न स्यात् । विश्नः । प्रश्नः ।।

तालव्य शकार से परे तवर्ग को चुत्व नहीं होता है।

यह सूत्र स्तोः श्चुना श्चुः इस सूत्र का निषेधक सूत्र है, जो तालव्य शकार से परे तवर्ग के चुत्व का निषेध करता है। इस तरह शकार से परे तवर्ग का श्चुत्व नहीं होता है किन्तु चवर्ग से परे तवर्ग का चुत्व हो जाता है।

विश्नः । गमन । विश् + नः इस स्थिति में शकार से परे नकार के स्थान पर स्तोः श्चुना श्चुः से श्चुत्व प्राप्त था तो शात् ने शकार से परे होने के कारण निषेध कर दिया, विश्नः ही रह गया। यदि चुत्व हो जाता तो विश्ञः ऐसा अनिष्ट रूप बन जाता।

प्रश्नः। सवाल। प्रश्+ नः इस स्थिति में शकार से परे नकार के स्थान पर स्तोः श्चुना श्चुः से श्चुत्व प्राप्त था तो शात् ने शकार से परे होने के कारण निषेध कर दिया, प्रश्नः ही रह गया। यदि चुत्व हो जाता तो प्रश्ञः ऐसा अनिष्ट रूप बन जाता।

ष्टुत्वविधायकं विधिसूत्रम्

६४.

ष्टुना ष्टुः ८।४/४१ ॥

स्तोः ष्टुना योगे ष्टुः स्यात् ।

रामष्षष्ठः । रामष्टीकते । पेष्टा । तट्टीका । चक्रिण्ढौकसे ।।

दन्त्य सकार और तवर्ग के स्थान पर मूर्धन्य षकार और टवर्ग का योग होने पर मूर्धन्य षकार और टवर्ग आदेश होते हैं।

ष्टुत्वनिषेधकं विधिसूत्रम्

६५. न पदान्ताट्टोरनाम् ८।४।४२॥

पदान्ताट्टवर्गात् परस्यानामः स्तोः ष्टुर्न स्यात् ।

षट् सन्तः। षट् ते। पदान्तात् किम् ? ईट्टे । टोः किम् ? सर्पिष्टमम्।

वार्तिकम्- अनाम्नवतिनगरीणामिति वाच्यम्। षण्णाम्। षण्णवतिः । षण्णगर्यः ।

ईड् (धातु)

↓

ईट् + ते (तिङ्) → ष्टुत्व संधि होगी

पद नहीं है

= ईट्टे

② सर्पिष् + तमम् = सर्पिष्टमम्

पदान्त ट् + स/तवर्ग = ष्टुः न

ष/टवर्ग लेकिन

षट् + सन्तः = षट्सन्तः

षट् + ते = षट्ते

षट् + नाम = षण्णाम्

ङ् ञ् ण् न् म्

ट् ठ् ड् ढ् ण् — मूर्धा

षण्णाम्

(यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा)

पदान्त यर् + अनुनासिक = अनुनासिक

ह् को छोड़कर सभी व्यंजन

षट् + नवति
↓
षट् णवति (96)

ड् : अ ण् न् म्

षण्णवति

स्थानी : स् त् थ् द् ध् न्
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
आदेश : ष् ट् ठ् ड् ढ् ण्

यर् + अनुनासिक

षट् + नगर्यः

ण्

= षट् णगर्य

= षण्णगर्यः

६५ - न पदान्ताट्टोरनाम्। न अव्ययपदं, पदान्तात् पञ्चम्यन्तं, टोः पञ्चम्यन्तम्, अनाम् लुप्तषष्ठीकं पदम्, अनेकपदमिदं सूत्रम् । स्तोः श्चुना श्चुः से स्तो; और ष्टुना ष्टुः से ष्टुः की अनुवृत्ति आती है।

पदान्त टवर्ग से परे नाम् के नकार को छोड़कर अन्य तवर्ग एवं सकार को ष्टुत्व नहीं होता है।

नवति, नगरी

ष्टुत्वनिषेधकं विध्यन्तर्गतं निषेधसूत्रम्

६६.

तोः षि ८।४।४३ ॥- ॥ ३४४४६

न ष्टुत्वम्। सन्षष्ठः ।

अनाम्नवतिनगरीणामिति वाच्यम् | यह वार्तिक है। पदान्त टवर्ग से परे नाम्, नवति और नगरी शब्दों के नकार को छोड़कर अन्य सकार और तवर्ग को ष्टुत्व न हो, ऐसा कहना चाहिए।

तवर्ग + ष् = ष्/टवर्ग निषेध
(त् थ् द् ध् न्)

सन् + षष्ठः = सन्षष्ठः

जश्त्वविधायकं विधिसूत्रम्

जश् (ज् ब् ग् ड् द्)

पदान्ते झल् = जश्
(1, 2, 3, 4 ऊष्म वर्ण)
झल् + झष = जश्
(1, 2, 3, 4) (3, 4)

६७. झलां जशोऽन्ते ८|२|३९||
पदान्ते झलां जशः स्युः । वागीशः ।

६७ - झलां जशोऽन्ते । झलां षष्ठ्यन्तं, जशः प्रथमान्तम्, अन्ते सप्तम्यन्तं, त्रिपदमिदं सूत्रम्। पदस्य सूत्र का अधिकार आ रहा है। अतः पद के अन्त में यह अर्थ हुआ ।

पद के अन्त में विद्यमान झल् के स्थान पर जश् आदेश होता है।

पदान्त झल् (1, 2, 3, 4 + ऊष्म वर्ण = जश् (वर्ग का तीसरा वर्ण)

ज् ब् ग् ड् द्

श् ष् स् ह्

1	2	3	4	ऊष्म		
क्	ख्	ग्	घ्	ह्	→	ग्
च्	छ्	ज्	झ्	श्	→	ज्
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ष्	→	ड्
त्	थ्	द्	ध्	स्	→	द्
प्	फ्	ब्	भ्		→	ब्

① वाक् + ईशः = वागीशः

② अच् + अन्तः = अजन्तः

③ जगत् + ईशः = जगदीशः

④ सुप् + अन्तः = सुबन्तः

⑤ दुह् + धम् = दुग्धम्

(घ)

झश्

अनुनासिकादेशविधायकं विधिसूत्रम्

६८.

यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा ८४४०४५ ॥

यरः पदान्तस्यानुनासिके परेऽनुनासिको वा स्यात् ।

एतन्मुरारिः, एतद् मुरारिः ।

वार्तिकम्– प्रत्यये भाषायां नित्यम् । तन्मात्रम् । चिन्मयम् ।

६८- यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा । यरः षष्ठ्यन्तम्, अनुनासिके सप्तम्यन्तम्, अनुनासिकः प्रथमान्तं, वा अव्ययपदम्, अनेकपदमिदं सूत्रम् । पदस्य सूत्र का अधिकार आ रहा है।

अनुनासिक के पर में रहते पदान्त यर के स्थान पर विकल्प से अनुनासिक आदेश होता है।

प्रत्यये भाषायां नित्यम् | यह वार्तिक है। अनुनासिक वर्ण आदि में हो ऐसे प्रत्यय के परे होने पर लौकिक प्रयोगों में पदान्त यर् के स्थान पर नित्य से अनुनासिक होता है।

परसवर्णविधायकं विधिसूत्रम्

६९.

तोर्लि ८|४|६० ॥

तवर्गस्य लकारे परे परसवर्णः।

तल्लयः। विद्वाँल्लिखति। नस्यानुनासिको लः।

६९ - तोर्लि । तोः षष्ठ्यन्तं, लि सप्तम्यन्तं द्विपदमिदं सूत्रम् । अनुस्वारस्य ययि परसवर्णः से परसवर्णः की अनुवृत्ति आती है।

लकार के परे होने पर तवर्ग के स्थान पर परसवर्ण आदेश होता है।